an>

Title: Need to conduct a CBI enquiry into the recent incident of disrobing of a woman in Mohalalganj in Uttar Pradesh.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे लखनऊ जनपद के मोहनलालगंज क्षेत्र में जो संसदीय क्षेत्र है, वहां एक गांव बलसिंहखेड़ा में 16 तारीख की रात को एक महिला की दुर्दांत तरीके से हत्या की गई। इसके पहले पुलिस के आला अधिकारियों ने उसमें बयान दिया कि उस महिला के साथ कम से कम तीन या पांच लोगों ने ये घटना की है। रेप की भी बात आई, लेकिन बाद में एक आदमी रामसेवक को केवल दिखा कर पुलिस ने उससे नाता झाड़ लेने का काम किया। इसी तरीके से फिर बीती रात में नगराम क्षेत्र में, जो मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में पड़ता है, एक युवती की लाश हरदोईया गांव के पास नहर पर पड़ी मिली। मुझे लगता है कि उस लड़की के साथ भी कोई ऐसी घटना हुई है, जिससे उसको मार देने का काम किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र में थाना माल के गांव सूरतीखेड़ा में बीती रात की घटना है। वहां एक महिला के साथ एक आदमी ने घर में घूस करके रेप किया, जब उसका आदमी रात के समय छत डालने, काम करने के लिए गया था, क्योंकि छत में सिलें पड़ रही थीं। उस औरत ने अपने को बचाने के लिए उसके ऊपर हथियार से वार करने का काम किया, लेकिन थाना माल की पुलिस, जिसके चोट लगी है, जो बलात्कारी है, उसकी रिपोर्ट लिख रही है, लेकिन उस महिला की रिपोर्ट लिखने का काम नहीं हो रहा है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के अंदर कानून-व्यवस्था पूरे तरीके से भंग हो गई है। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा नहीं है। प्रदेश सरकार से जब इस संबंध में किसी आला अधिकारी से बात की जाती है तो उसके कान पर जूं रेंगने का काम नहीं होता।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मेरी मांग है कि जो महिला मारी गई है, उसमें उनको सहायता मिलने का काम हो। उसके साथ में उसकी जांच सीबीआई से कराई जाए। उत्तर प्रदेश में चूंकि कानून का राज नहीं है, जंगल का राज है, इसलिए उस प्रदेश की सरकार को बर्खास्त करके उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, यह मेरी मांग है।